***चुनाव आयोग के साथ राजनीतिक दल की बैठक***

***भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ चुनाव आयोग की मुलाक़ात***







मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी ने निर्वाचन सदन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा के साथ संवाद किया। यह संवाद विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य राजनीतिक दलों के अध्यक्षों के साथ ईसीआई द्वारा आयोजित जारी संवादों की श्रृंखला का हिस्सा है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न हितधारकों के साथ नियमित और बेहतर संवाद को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत, आयोग ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर की राजनीतिक पार्टियों के साथ संवाद की पहल की है। यह संवाद लंबे समय से आवश्यक रचनात्मक चर्चा का मंच प्रदान करेगा, जिससे राष्ट्रीय और राज्य पार्टी अध्यक्ष सीधे आयोग के साथ अपने सुझाव और चिंताएं साझा कर सकेंगे।

यह पहल आयोग की व्यापक दृष्टि के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य मौजूदा कानूनी ढांचे के तहत सभी हितधारकों के साथ मिलकर निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाना है।

पूर्व में कुल 4,719 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें 40 बैठकें मुख्य चुनाव अधिकारियों (CEOs) द्वारा, 800 जिला निर्वाचन अधिकारियों (DEOs) द्वारा और 3,879 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (EROs) द्वारा आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न राजनीतिक दलों के 28,000 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी रही।

***मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन के अनुसार राजस्थान में 200 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्तर पर कुल 921 तथा 33 जिला निर्वाचन अधिकारी स्तर पर कुल 182 राजनैतिक प्रतिनिधियों ने आयोजित हुई बैठकों मे भाग लिया था। राज्य स्तर कि बैठक मुख्य निर्वाचन अधिकारी कि अध्यक्षता मे आयोजित हुई थी जिसमे सभी प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।***